# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक-7057 / कु0का0 / 2025 दिनांक- 13 /08/ 2025

**संशोधित पत्र**

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

**विषय– सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षा–प्रश्नपत्र प्रारूप के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय के पत्रांक 7048 / कु0का0 / 2025 दिनांक 12.08.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें कतिपय आंशिक संशोधन करते हुए पुनः मा0 कुलपति जी के आदेश तथा परीक्षा समिति एवं कार्य परिषद् द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षा के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं–

1. परीक्षा फॉर्म अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से भरा जायेगा तथा परीक्षा फॉर्म भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही भरा जाना सुनिश्चित है।
2. सभी महाविद्यालय शैक्षणिक कैलेंडर के क्रम में माह नवम्बर, 2025 के प्रथम सप्ताह तक अपने पाठ्यक्रम को ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण कर लें।
3. आगामी विषम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की परीक्षाएं माह नवम्बर, 2025 के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ होंगी।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.02.2025 एवं कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 25.02.2025 में लिए गए निर्णय के क्रम में स्नातक (बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0) विषम सेमेस्टर( प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) के समस्त प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय प्रकार के होगें तथा माइनर प्रश्न पत्र की परीक्षा सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) भी बहुविकल्पीय प्रकार से होंगी।
5. महाविद्यालयों के समस्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों तथा परास्नातक समस्त सेमेस्टर के सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा वर्णनात्मक प्रकार की होगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए सभी छात्र / छात्राओं एवं शिक्षकों को अपने माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

13/08/25

Scanned with OKEN Scanner